प्रादेशिक समाचार
दिनांक– 03.11.2025 (दोपहर – 1455 बजे)

****

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में अब से कुछ देर बाद रांची स्थित प्रोजेक्ट भवन में कैबिनेट की अहम बैठक शुरु होगी। बैठक में अभियंताओं की नियुक्ति और प्रोन्नति से संबंधित नई नियमावली को मंजूरी मिलने की संभावना है। साथ ही हॉकी खिलाड़ी सलीमा टेटे और निक्की प्रधान को मुफ्त जमीन रजिस्ट्री के प्रस्ताव को भी स्वीकृति मिल सकती है। इसके साथ ही राज्य स्थापना दिवस से जुड़े प्रस्तावों पर भी मुहर लग सकती है।

****

कृषि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने आज रांची के चान्हो प्रखंड सह अंचल कार्यालय का औचक निरीक्षण किया।औचक निरीक्षण के दौरान कार्यालय परिसर में सीओ और बीडीओ से लेकर ज्यादातर कर्मचारी अनुपस्थित मिले। इस क्रम में मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने गांव से अपने काम को लेकर पहुंचे ग्रामीणों से उनकी समस्या की जानकारी ली। अधिकारियों और कर्मचारियों की अनुपस्थिति पर मंत्री ने नाराजगी व्यक्त की और उपायुक्त को कार्रवाई का निर्देश दिया।

****

चाईबासा में थैलेसीमिया के मरीजों को एचआईवी पॉजिटिव का रक्त चढ़ाने के खिलाफ भाजपा की ओर से राज्यभर में विरोध–प्रदर्शन किया जा रहा है। सरायकेला–खरसांवा जिले में पार्टी नेताओं ने सिविल सर्जन कार्यालय के बाहर प्रदर्शन किया। उधर, पलामू में भाजपा नेताओं ने सदर अस्पताल परिसर में धरना दिया और उपायुक्त को राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपकर स्वास्थ्य मंत्री डॉक्टर इरफान अंसारी को बर्खास्त करने की मांग की।

****

राजधानी रांची के वरीय पुलिस अधीक्षक राकेश रंजन ने शहर के विभिन्न इलाकों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने ड्यूटी पर तैनात पुलिसकर्मियों से सीधे संवाद किया। कर्मियों से उन्होंने वाहनों की चेकिंग और पुलिस बल की तैनाती के बारे में जानकारी ली और कई महत्वपूर्ण दिशा–निर्देश भी दिए। निरीक्षण के दौरान कार्यों में लापरवाही बरतने वाले ओरमांझी और पिठोरिया के थाना प्रभारियों से एसएसपी ने स्पष्टीकरण मांगा है।

****

बोकारो जिले के पीटीपीएस ललपनिया में दो दिवसीय लुगू बुरु घांटा बाड़ी धोरोम गाढ़ राजकीय महोत्सव का आज शुभारंभ हुआ। महोत्सव में उपायुक्त और एसपी शामिल हुए। इस अवसर पर उपायुक्त अजय नाथ झा ने कहा कि सभी पाहनो द्वारा लुगू बाबा की पूजा अर्चना के साथ महोत्सव की शुरुआत की गयी। उपायुक्त ने कहा कि यह महोत्सव जनजातीय आस्था और परंपरा का प्रतीक है।

****

रांची में गुरुनानक जयंती के अवसर पर आज गुरुनानक सतसंग शोभायात्रा निकाली जा रही है। इसको लेकर शहर की ट्रैफिक व्यवस्था में बदलाव किया गया है। ट्रैफिक एसपी राकेश सिंह की ओर से जारी आदेश के अनुसार शहर में आज रात्रि 12 बजे तक भारी वाहनों का प्रवेश बंद रहेगा। साथ ही दोपहर तीन से रात 12 बजे तक मेन रोड में छोटे मालवाहक समेत सभी प्रकार के वाहनों का प्रवेश प्रतिबंधित किया गया है।

****

सेल का बोकारो स्टील प्लांट आत्म निर्भर भारत अभियान को मजबूत बना रहा है। बोकारो स्टील प्लांट से नॉन ग्रेन ओरिएंटेड इलेक्ट्रिकल स्टील का उत्पादन शुरू कर दिया गया है। और जानकारी दे रहे हैं हमारे संवाददाता–

****

पावर ग्रिड कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड पूर्वी क्षेत्र पारेषण प्रणाली–1 द्वारा रांची के खेलगांव स्थित टाना भगत इंडोर स्टेडियम में तीन दिवसीय अंतर क्षेत्रीय कबड्डी प्रतियोगिता का शुभारंभ किया गया । इस प्रतियोगिता में पावरग्रिड के देश भर के विभिन्न क्षेत्रों से आई टीमें शिरकत कर रहीं हैं। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि पावरग्रिड पूर्वी क्षेत्र–1 के कार्यपालक निदेशक राकेश कुमार द्वारा किया गया।

****